दिनांक 23 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बाजार क्षेत्र में हो रही है रात्रि कालीन सफाई , निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जीवीपी पॉइंट विलोपन के लिए दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत चल रहे सफाई कार्यों का अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कचरा जमा नहीं होने के निर्देश दिए हुए हैं तथा जीवीपी पॉइंट के पूर्णत: विलोपन के निर्देश दिए है। सड़कों व नालियों की सफाई तथा बाजार क्षेत्रों में दिन तथा रात्रिकालीन सफाई करने निगम का अमला जुटा हुआ है। निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कमिश्नर अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यापारियों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने तथा गीला एवं सूखे कचरों को अलग-अलग रखते हुए कचरों को अनियंत्रित तरीके से नहीं फेंकने के लिए समझाइश दे रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को प्रमुख बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई तथा रहवासी क्षेत्र में प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। स्वच्छ सर्वेक्षण के गाइडलाइन के अनुरूप चल रहे कार्यों को संपादित कराने सभी जोन के आयुक्तों को सुबह अपने अपने क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण करने निर्देशित किया गया है। सड़क की सफाई , कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, रहवासी क्षेत्र व खुले क्षेत्र में कचरा एवं मलबे का उठाव, शौचालय की बेहतर व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर की ओर कदम बढ़ाते हुए कार्य करने कहा गया है। निगम आयुक्त स्वच्छता संबंधी कार्यों का फीडबैक भी ले रहे है, और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न बाजार क्षेत्रों में नियमित रूप से रात्रिकालीन सफाई कराई जा रही है एवं बाजार प्रारंभ होने के पूर्व भी प्रातः कालीन सफाई कराई जाती है। रात्रिकालीन सफाई के अलावा कचरा कलेक्शन का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है

जनसम्पर्क अधिकारी